समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

तीन दिनों में 156 लोगों की हुई जांच, किया गया मुफ्त इलाज

कोरबा 09 नवम्बर 2020 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत विगत तीन दिनों में 156 पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क जांच एवं उनका मुफ्त में इलाज किया गया। मोबाईल मेडिकल यूनिट वार्ड एवं बस्तियों में पहुंचकर शिविर लगा रही है तथा लोगों का निःशुल्क इलाज कर रही है। आज वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा में शिविर लगाया गया। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने शिविर में पहुंचकर वहां की व्यवस्था व इलाज प्रक्रिया का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। इसी कड़ी में आज कोरबा पुराने शहर स्थित वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा दलिया गोदाम के समीप मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंकर कर शिविर लगाया तथा 56 श्रमिकों की निःशुल्क जांच एवं उनका इलाज किया। इसके पूर्व 06 नवम्बर को 35 श्रमिकों एवं 07 नवम्बर को 65 श्रमिकों की जांच व इलाज किया गया था, इन तीन दिनों में अभी तक कुल 156 श्रमिकों की निःशुल्क जांच व उनका मुफ्त में इलाज किया जा चुका है। वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा में आयोजित शिविर में आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने पहुंचकर मोबाईल मेडिकल यूनिट एवं शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इलाज प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंगलवार को पथर्रीपारा में पहुंचेगी मेडिकल यूनिट– निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 नवम्बर मंगलवार को वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा स्थित सामुदायिक भवन वार्ड कार्यालय के समीप मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंचेगी तथा शिविर लगाएगी। इसी प्रकार 11 नवम्बर बुधवार को वार्ड क्र. 26 मुड़ापार स्थित आंगनबाड़ी के पास शिविर लगेगा। 12 नवम्बर गुरूवार को वार्ड क्र. 47 जमनीपाली अंतर्गत चोरभट्ठी बरेड़ीमुड़ा क्षेत्र हेतु आई.ओ.सी.एल. सामुदायिक भवन सांस्कृतिक मंच तथा 13 नवम्बर शुक्रवार को वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार नम्बर–01 पाड़ीमार के परसाभांठा स्कूल के पास स्थित सामुदायिक भवन में मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंचेगी तथा शिविर लगाकर निःशुल्क जांच व इलाज किया जाएगा।

योजना के तहत हो रहा श्रमिकों का पंजीयन– मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहते हैं, जो स्लम क्षेत्र में निवासरत लोगों का योजना के तहत पंजीयन कर रहे हैं। जांच एवं इलाज हेतु स्लम क्षेत्र में निवासरत श्रमिक जिनका संगठित एवं असंगठित कर्मकार के रूप में पंजीयन है, वे अपना श्रमिक कार्ड साथ में ला रहे हैं। जिनका पंजीयन नहीं है, ऐसे श्रमिक अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं एक फोटोग्राफ्स साथ में लाते हैं तथा उनका पात्रता अनुसार पंजीयन किया जाता है। परिवार में किसी एक सदस्य का पंजीयन होने के बाद परिवार के सभी सदस्य इसका लाभ ले सकेंगे एवं इलाज करा सकेंगे। एक बार पंजीयन होने के बाद दोबारा पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। मोबाईल मेडिकल यूनिट का स्लम क्षेत्रों में पहुंचने एवं इलाज करने का समय प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया है, इसी निर्धारित समय पर मेडिकल यूनिट द्वारा वार्डो में शिविर लगाए जा रहे हैं।